किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।

King George's Medical University, U.P., Lucknow.

Website: www.kgmu.org

Phone: +91-0522-2257540, Fax: +91-0522-2257539

कुलसचिव
Registrar

Ref. No. 82/B-2022 Date 16/07/2022

कार्यालय ज्ञाप

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के शिक्षकों की विभागीय पारस्परिक ज्येष्ठता सूची तैयार करने की दिशा में कार्यवाही करते हुए इस कार्यालय के नोटिस सं0 290/बी-2020 दिनांक 04.12.2020 द्वारा मा0 कुलपति जी के अनुमोदन के उपरान्त प्रो0 विनीत शर्मा, प्रति-कुलपति, के0जी0एम0यू0, लखनऊ की अध्यक्षता में 3 सदस्यीय ज्येष्ठता समिति (Seniority Committee) का गठन किया गया था।

उक्त समिति ने शिक्षकों की सेवा सम्बंधी अभिलेखों का सम्यक परीक्षण करके विभागीय अनन्तिम ज्येष्ठता के0जी0एम0यू0 की प्रथम परिनियामावली-2011 की धारा 11.10(1)(क)(ख) में दी गयी व्यवस्था के आधार पर सम्बंधित शिक्षकों के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि, जन्मतिथि एवं चयन समिति (Selection Committee) द्वारा निर्धारित मेरिट लिस्ट में रखे गये क्रम के अनुसार एवं शासनादेश सं0 13/2/91-टी0सी0-का-1-1991 दिनांक 20.03.1991 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत विभागवार अनन्तिम ज्येष्ठता सूची तैयार की गयी है। कार्यालय ज्ञाप सं0 192/बी-2021 दिनांक 23.11.2021 (आर्थोपेडिक सर्जरी विभाग एवं रेडियोडायग्नोसिस विभाग को छोड़कर) द्वारा शिक्षकों की अनन्तिम ज्येष्ठता सूची निर्गत की गयी थी जिसमें शिक्षकों द्वारा आपत्तियाँ दर्ज करने हेतु 15 दिनों का समय दिया गया था, जिसके क्रम में प्राप्त आपत्तियों का परीक्षण एवं निस्तारण ज्येष्ठता समिति द्वारा दिनांक 07.02.2022 एवं 08.04.2022 में किया गया। तदोपरांत कार्यालय ज्ञाप सं0 17/बी-2022 दिनांक 19.04.2022 द्वारा इस चिकित्सा विश्वविद्यालय के आर्थोपेडिक सर्जरी विभाग एवं रेडियोडायग्नोसिस विभाग के शिक्षकों की अनन्तिम ज्येष्ठता सूची निर्गत की गयी थी जिसमें शिक्षकों द्वारा आपत्तियाँ दर्ज करने हेतु 15 दिनों का समय दिया गया था, जिसके क्रम में प्राप्त आपत्तियों के परीक्षण एवं निस्तारण दिनांक 31.05.2022 को किया गया।

अतः विश्वविद्यालय द्वारा गठित ज्येष्ठता समिति ने कुलसचिव कार्यालय के शैक्षिक अधिष्ठान अनुभाग (बी-अनुभाग) द्वारा शिक्षकों की व्यक्तिगत पत्रावलियों में उपलब्ध अभिलेखों, KGMU Act/Statute में इंगित प्राविधानों, शासनादेशों एवं चयन समिति द्वारा चयन के समय selection proceedings में दर्शायी गयी वरिष्ठता क्रम के अनुसार एवं विश्वविद्यालय की मा0 कार्यपरिषद की आकस्मिक बैठक दिनांक 22.06.2022 के एजेण्डा आईटम नं0 02 में लिये गये निर्णय के क्रम में मा0 कुलपति जी के अनुमोदनोपरान्त विश्वविद्यालय के समस्त विभागों के शिक्षकों की विभागीय पारस्परिक अन्तिम ज्येष्ठता सूची (रेडियोडायग्नोसिस विभाग को छोड़कर) प्रकाशित की जाती है, विभागवार अन्तिम ज्येष्ठता सूची इस नोटिस के साथ संलग्न है।

संलग्नकः यथोपरि।

कुलसचिव,
के0जी0एम0यू0 उ0प्र0
लखनऊ।

संख्याः 5144/बी-2022 तद्दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/ चिकित्सा अधीक्षक, गांधी स्मारक एवं सम्बद्ध चिकित्सालय, के0जी0एम0यू0 उ0प्र0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता, चिकित्सा/दंत विज्ञान संकाय, के0जी0एम0यू0 उ0प्र0, लखनऊ।
3. समस्त विभागाध्यक्ष, चिकित्सा/दंत विज्ञान संकाय, के0जी0एम0यू0 उ0प्र0, लखनऊ।
4. समस्त शिक्षक, चिकित्सा/दंत विज्ञान संकाय, के0जी0एम0यू0 उ0प्र0, लखनऊ को उनके विभागाध्यक्ष के माध्यम से।
5. डा0 रिचा खन्ना, सदस्य सचिव, आई0टी0 सेल, के0जी0एम0यू0 उ0प्र0, लखनऊ को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त विभागीय अन्तिम ज्येष्ठता सूची को विश्वविद्यालय की वेबसाईट (Website) पर upload करते हुये प्रकाशित कराने की कार्यवाही सम्पादित करने का कष्ट करें।
6. मा0 कुलपति जी के निजी सचिव को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

कुलसचिव,
के0जी0एम0यू0 उ0प्र0
लखनऊ।